महत्वपूर्ण एवं खास

मैं उनके तरह की एक्टर नहीं हूं

सोनम कपूर ने लगभग 11 साल पहले अपने करियर की शुरुआत निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से की थी. लेकिन अपनी पहली फिल्म के बाद आज तक सोनम फिर से भंसाली की फिल्म का हिस्सा नहीं बनी हैं. ऐसे में अब सोनम कपूर का कहना है कि शायद वह संजय लीला भंसाली की पसंद की एक्टर्स फेहरिस्त में शामिल नहीं है. सांवरिया में सोनम कपूर और रणबीर कपूर की जोड़ी साथ नजर आई थी, लेकिन पहली फिल्म के बाद यह दोनों ही एक्टर इस निर्देशक की किसी भी फिल्म में कभी नजर नहीं आए. इसी मामले पर जब सोनम कपूर से पूछा गया तो हाफिंग्टन पोस्ट की खबर के अनुसार सोनम ने कहा, मुझे लगता है कि मैं उनके तरह की एक्टर नहीं हूं. मैं उनकी बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे मेरी पहली फिल्म दी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं उनके तरह की एक्टर हूं. अगर उन्हें लगेगा कि उनकी फिल्म के किसी रोल में मैं सूट करती हूं तो वह मुझे जरूर लेंगे. बता दें कि सोनम कपूर कई जानेमाने निर्देशक जैसे आर. बाल्की, राकेश ओमप्रकाश मेहरा और आनंद एल राय के साथ भी काम कर चुकी हैं. सोनम ने कहा कि वह निर्देशक शशांक घोष, आर बाल्की और राम माधवानी के साथ काफी अच्छी ट्यूनिंग रखती हैं. बता दें कि सोनम कपूर जल्द ही अपनी बहन के प्रोडक्शन हाउस की फिल्म वीरे दी वेडिंग में नजर आने वाली हैं. इस फिल्म में करीना कपूर मुख्य किरदार में नजर आएंगी.

शुरू हुई आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की ब्रह्मास्त्र की शूटिंग

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और एक्ट्रेस आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र पिछले काफी वक्त से सुर्खियों में है. फिल्म में आलिया और रणबीर के अलावा मैनी रॉय और अमिताभ बच्चन भी लीड रोल में हैं और फिल्म के लिए सभी कलाकारों ने अपने किरदार के लिए काफी मेहनत की है. फिल्म की कहानी भी काफी अलग है और इस वजह से भी फिल्म खबरों में है. हालांकि, इस बार फिल्म किसी और वजह से सुर्खियां बटोर रही है. दरअसल, हाल ही में फिल्म के लोगो को शेयर किया गया है. फिल्म के इस लोगो को ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर पर शेयर किया है. इसमें कई सारे कार्ड्स नजर आ रहे हैं जिन पर ब्रह्मास्त्र लिखा हुआ है और उसके बैकग्राउंड में ब्रह्मांड दिखाई दे रहा है. इसके अलावा ब्रह्मास्त्र के ब को अगर आप ध्यान से देखेंगे तो उसमें आपको शिवजी का त्रिशूल नजर आएगा. गौरतलब है कि फिल्म की शूटिंग इस वक्त बुलगारिया के सोफिया में की जा रही है. इस फिल्म की कहानी बाकी फिल्मों से इस वजह से अलग है क्योंकि इसमें रणबीर, आलिया और मौनी के पास स्पेशल पावर्स दिखाई जाएंगी और फिल्म एक फेंटेसी जैसी नजर आएगी. फिल्म को तीन हिस्सों में रिलीज किया जाएगा और फिल्म के पहले हिस्से को 15 अगस्त 2019 में रिलीज किया जाएगा. फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं और फिल्म को करण जौहर द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है.

नोरा फतेही भी सीख रही है पोल डांस, वीडियो हुआ वायरल

बॉलीवुड में ऐसे कई सितारें हैं जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अक्सर अपने वीडियोज या तस्वीरें शेयर करते रहते हैं. इसी तरह नोरा फतेही भी अपने फैन्स के साथ सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ शेयर करती रहती हैं और उनको अपने काम की जानकारी भी देती रहती हैं. बता दें, नोरा ने बाहुबली द बिगनिंग से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी और उसके बाद वह बिग बॉस में भी नजर आई थी. हालांकि, यहां हम नोरा के नए वीडियो की बात कर रहे हैं जो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है. दरअसल, नोरा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में वह पोल डांस करते हुए नजर आ रही हैं. गौरतलब है कि 2017 में जैकलीन फर्नांडीज ने भी अपनी फिल्म अ जेंटलमैन के लिए पोल डांस सीखा था और उन्होंने अपने वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया था जिसके बाद वह काफी वक्त तक सुर्खियों में रही थीं. उसी तरह अब नोरा भी पोल डांस सीख रही हैं और इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा है, आज की क्लास से, आज दूसरी क्लास है और आरिफ ने मुझे काफी कुछ सिखा दिया है. मैं पोल पर चढ़ना सीख चुकी हूं और अभी काफी कुछ सीखना बाकी है. गौरतलब है कि नोरा, एक प्रोफेशनल बेली डांसर हैं और अब वह पोल डांस में अपना हाथ आजमां रही हैं लेकिन वह पोल डांस अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए सीख रही हैं या अपने शौक के लिए यह कहना मुशकिल है. खैर जो भी हो लेकिन नोर पोल डांस करते हुए अपने फैन्स को काफी एट्रेक्ट कर रही हैं.

चार्ली चैपलिन के शानदार किरदार के लिए 25 साल बाद मिला श्रीदेवी को अवॉर्ड

खेलते.खेलते एक तितली ना जानें कहां खो गई एक नन्ही किरण क्यों अंधेरे में यूं सो गई सबकी आंखों में फरियाद है सबके दिल में तेरी याद है तू नहीं है तेरी प्रीत है ज़न्दिगी की यही रीत है साल 1987 में फिल्म मिस्टर इंडिया में किशोर कुमार की आवाज़ में फिल्माया गया ये गीत आज 31 साल बाद बिल्कुल सटीक बैठता है हिन्दुस्तान के सिनेमा के चाहने वालों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाने वाली श्रीदेवी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन फिल्म मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर और अमरीश पुरू जैसे दिग्गज कलाकारों के बीच उन्होंने सीमा का एक ऐसा किरदार निभाया जिसे आज तक सिनेमा फैंस याद करते हैं सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर इंडिया ने साल 1987 में तमाम रिकॉर्ड्स तोड़ दिए और उस साल कमाई के मामले में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी आइये जानें मिस्टर इंडिया में कैसे श्री देवी ने छोड़ी अपनी छाप फिल्म मिस्टर इंडिया में लीड एक्टर अनिल कपूर का ऐसा किरदार था जिसके आगे.पीछे किसी और अदाकार के लिए फिल्म कोई स्पेस नहीं था बाकी बचा हुआ हिस्सा भारतीय सिनेमा के दिग्गज अमरीश पुरी के खाते में चला गया लेकिन फिर भी फिल्म में एक बुद्धू क्राइम जर्नलिस्ट का किरदार निभा रही सीमा;श्री देवी ने इस फिल्म में वो कर दिखाया जो शायद हर अभिनेत्री के बस में नहीं था फिल्म में अनिल कपूर के मिस्टर इंडिया के किरदार को जमकर सराहना मिली अमरीश पुरी ने तो मौगेंबो के खलनायक वाले किरदार को जिंदा ही कर दिया जिसे आज भी लोग याद करते हैं लेकिन श्री देवी ने इस फिल्म में अपनी अदाकारी का ऐसा नमूना पेश किया जिसके फैंस आज भी कायल हैं मिस हवा हवाई फिल्म में एक सीन होता है जहां पर श्री देवी स्मगलर्स के बीच एक खबर निकालने जाती है जहां पर वो एक मशहूर डांसर.सिंगर मिस हवा.हवाई के रूप लेकर पहुंचती है इस मौके पर उनकी अदाकारी शानदार रही साथ ही उन्होंने इस सिचुएशन में फिल्माया गए गाने मैं ख्वाबों की शहज़ादी मैं हूं हर दिल पर छाई से पूरे देश में सनसनी फैला दी श्री देवी ने इस खूबसूरत ट्रेक पर ऐसा शानदार प्रदर्शन किया जो कि सुपरहिट हो गया चार्ली चैपलिन जी हांए ये बात किसी और फिल्म की नहीं बल्कि मिस्टर इंडिया की ही हो रही है इस फिल्म में एक सीन में श्री देवी जुआरियों के अड्डे पर जाती है जहां से उसे किसी गरीब की कमाई का हिस्सा लेकर आना है जिसे इस इलाके के गुंडे ले गए हैंण् यहां पर श्री देवी चार्ली चैपलिन के किरदार में जाती हैं और जुआरियों के बीच से पैसे लेकर आती हैं इस सीन को बिल्कुल चार्ली चैपलिन के किरदार जैसा ही कॉमेडी बनाया गया है और श्री देवी इस रूप में भी दर्शकों को खूब पसंद आई इन किरदारों के बाद मिली जमकर तारीफ उस समय टाइम्स ऑफइंडिया ने श्री देवी के इस किरदार को उनका सबसे ज्यादा मज़ेदार किरदार भी करार दिया था उस दौर में फिल्म की कामयाबी और श्री देवी के प्रदर्शन के बाद लोगों ने यहां तक कहा कि फिल्म का नाम मिस इंडिया होना चाहिए थे रेडिफ ने इस फिल्म को देश की सबसे प्रतिष्ठित फिल्मों में से एक भी बताया इतना ही नहीं हिन्दुस्तान टाइम्स ने इस फिल्म को भारतीय इतिहास की 10 सबसे बड़ी देशभक्ति फिल्मों की लिस्ट में जगह दी रेडिफने उस दौर में लिखा श्री देवी इस फिल्म में कम्पलीट शो स्टीर रही उन्होंने श्री देवी को सुपर सिक्स कॉमिक हीरोइन्स की लिस्ट में भी रखा और कहा मिस्टर इंडिया में उनके चेहरे के एक्सप्रेशन्स देखने के बाद मशहूर कॉमेडियन जिम कैरी भी रात भीर सो नहीं सकेंगे इस फिल्म का गाना कांटे नहीं कटते ये दिन ये रात इस दौर का सबसे सेक्सिएस्ट बारिश का गीत बताया गया जिसमें नीले रंग की साड़ी में श्री देवी ने पर्दे पर आग लगा दी आईडीवा ने इस गाने को अद्वितीय करार दिया जो कि आज भी दर्शकों की ज़ुबान पर चढ़ा हुआ है रेडिफने इस गाने को टॉप 25 साड़ी मोमेंट्स में भी जगह दी इंडिया टाइम्स मोवीज़ ने इस फिल्म को भारतीय सिनेमा के इतिहास की 25 देखी जाने वाली फिल्मों की लिस्ट में रखा इस फिल्म को मिले पुरस्कार साल 1987. 1988 में कोई भी अवार्ड सेरेमनी नहीं रखी गई जिसके 25 साल बादए साल 2013 में मिस्टर इंडिया में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए फिल्मफेयर स्पेशल अवार्ड से नवाज़ा गया

नाबालिग प्रतियोगी से बदसलूकी के आरोपों के बाद सिंगर पापोन ने रिएलिटी शो छोड़ा

रिएलिटी शो द वॉयस किड्स में शो की एक नाबालिग प्रतियोगी से बदसलूकी के आरोपों के बाद सिंगर पापोन ने इस शो में जज का पद छोड़ दिया है पापोन ने सोशल मीडिया पर लिखा है मैं ऐसे मानसिक हालत में नहीं हूं कि अपनी प्रोफेशनल जिम्मेदारियां निभा सकूं जब तक कि ये पूरा मामला साफ नहीं हो जाता तब तक के लिए मैं जज की कुर्सी छोड़ रहा हूं मुझे न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और उम्मीद है कि सच भी सामने आ जाएगा आगे उन्होंने लिखा है कि उन्हें जिसमें वो बच्चों के साथ होली का जश्न मनाते दिखाई दे रहे हैं वीडियो मे पापोन एक बच्ची को किस करते नजर आ रहे हैं पापोन पर आरोप है कि उन्होंने शो में आई बच्ची को गलत तरीके से किस किया उनके खिलाफ ये शिकायत सुप्रीम कोर्ट के एक वकील रूना भुयान मे दर्ज कराई है रूना भुयान ने अपनी शिकायत में कहा है कि जिस तरह से पापोन ने नाबालिग बच्ची के साथ ऐसा व्यवहार किया है वो काफी हैरान करने वाला है शिकायतकर्ता का कहना है कि वीडियो को देखकर वो इस रियलिटी शो में बच्चों की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं विवाद के बाद पापोन ने मांगी माफी इससे पहले इस पर मचे बवाल के बाद पापोन ने माफी भी मांगी थी उन्होंने बयान जारी कर कहा पिछले कुछ दिनों में मेरे खिलाफ लगे आरोपों के कारण में बहुत दुखी हूं मुझसे परिचित हर व्यक्ति जानता है कि मैं तुरंत अपनी भावनाओं का इजहार कर देता हूँ।

होली के मौके पर इस एक्ट्रेस की चाहत ताजमहल बनवा द राजा बलिया में वीडियो हुआ वायरल

होली का मौसम है और भोजपुरी सिनेमा अपने अंदाज में इसका लुत्फले रहा है आगरा का ताजमहल पूरी दुनिया मे मशहूर है लेकिन भोजपुरी की आइटम क्वीन संभावना सेठ की चाहत है कि अब एक ताज महल पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया में भी बनना चाहिए उन्होंने अपनी यह मंशा होली पर रिलीज हो रही पूर्वांचल टाकीज की फिल्म सौगंध के एक गाने के जरिये जाहिर की है ताजमहल बनवा द राजा बलिया में संभावना सेठ अपने डांस के जौहर दिखाती नजर आएंगी इस गाने को कल्पना ने गया है फिल्म में दिनेश लाल यादव निर हुआ लीड रोल में नजर आएंगे हालांकि इस गाने का वीडियो अभी रिलीज नहीं हुआ है लेकिन इसका ऑडियो काफी हिट हो रहा है फिल्म के निर्माता विकास कुमार ने बताया कि होली के अवसर पर 2 मार्च को सौगंध बिहार झारखंड दिल्ली यूपी और मुंबई गुजरात में एक साथ रिलीज होगी निर्देशक विशाल वर्मा ने बताया कि सौगंध की शूटिंग उत्तर प्रदेश की खूबसूरत लोकेशंस पर शूट की गई है और यह फिल्म एक्शन ए इमोशन और रोमांस का संगम है फिल्म रिलीज से पहले सौगंध के गानों को एक.एक कर रिलीज किया जा रहा है ये फिल्म एक्शन इमोशन और रोमांस का पैकेज है फिल्म में निर हुआ और मणि भट्टाचार्य के रोमांस को शानदार तरीके से फिल्माया गया है जो खासकर यूथ को आकर्षित करने वाला है वहीं एक्शन पसंद दर्शकों को निरहुआ का एक्शन काफी दमदार लगेगा

दबंग की शूटिंग हुई शुरू पुलिस अफसर के किरदार में हैं ये सुपरस्टार

भोजपुरी की अब तक की सबसे महंगी फिल्म दबंग सरकार की शूटिंग लखनऊ में शुरू हो गई है इसमें धमाकेदार एक्शन नजर आएगा दबंग सरकार का मुहूर्त 10 फरवरी को लखनऊ में हुआ इसके साथ फिल्म की शूटिंग लखनऊ में शुरू हो गई है ये जानकारी फिल्म के डायरेक्टर योगेश राज मिश्रा ने दी उन्होंने बताया कि खेसारी लाल यादव की दबंग सरकार एक अलग जॉनर की फिल्म है जिसके डायलॉग म्यूजिक एक्शन पर काफी बारीकी से काम किया गया है दबंग सलमान खान की सुपरहिट फ्रेंचाइजी है अब भोजपुरी सिनेमा भी अपना दबंग देने की कोशिश में है योगेश ने कहा फिल्म की कास्टिंग भी पूरी हो चुकी है जिसमें खेसारी लाल यादव के अपोजिट इस फिल्म में दो नई अभिनेत्रियों को कास्ट किया है इनमें एक हैं आकांक्षा अवस्थी और दूसरी दीपिका त्रिपाठी उम्मीद करते हैं कि ऑन स्क्रीन इनकी जोड़ी खेसारी लाल यादव के साथ खूब जमेगी और दर्शकों को भी पसंद आयेगी फिल्म के लिए अभी तक खेसारी लाल यादव अपना 18 किलो वजन कम कर चुके है इस फिल्म में खेसारी लाल यादव पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आएंगे वहीं फिल्म में विलेन के किरदार में जाने.माने कलाकार संजय पांडेय समर्थ चतुर्वेदी और विनीत विशाल होंगे यह पहला मौका है जब योगेश किसी भोजपुरी फिल्म का डायरेक्शन कर रहे हैं बता दें कि भोजपुरी फिल्म दबंग सरकार के प्रोड्यूसर दीपक कुमार और राहुल वोहरा हैं लेखक मनोज पांडेय और संगीतकार धनंजय मिश्रा हैं यानी सलमान खान को टक्कर देने के लिए भोजपुरी सिनेमा के दबंग धमाकेदार अंदाज दिखाना चाहेंगे

सिमर ने असल जिंदगी में ससुराल में रखे कदम जोरदार अंदाज में हुआ स्वागत

बीते कुछ दिनों से ही ससुराल सिमर का की सिमर असल जिंदगी में दुल्हन बनने की वजह से चर्चा में हैं दीपिका कक्कड़ शोएब इब्राहिम के साथ 22 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने के बाद अपने ससुराल पहुंची जहां उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया दीपिका कक्कड़ ने ससुराल में कदम रखने की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया है दीपिका ने ससुराल में अपनी कदम रखते हुए लिखा है ये मेरी अपने ससुराल में बहुत ही खास एंट्री है शुक्रिया शेयर की गई तस्वीर में दीपिका अपने सपनों के राजकुमार शोएब के हाथ में हाथ थामे हुए थीं जबकि उनकी राहों में स्वागत के लिए फूल बिछाए गए।

4 साल बाद मुंबई पुलिस ने सुलझाया भाग्यश्री के घर चोरी का मामला

फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री के घर मुम्बई में 2014 में लाखों की चोरी हुई थी अब इस मामले को ठाणे क्राईम ब्रांच ने सुलझा दिया है फिल्म मैंने प्यार किया से फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री के घर मुम्बई में 2014 में लाखों की चोरी हुई थी अब इस मामले को ठाणे क्राईम ब्रांच ने सुलझा दिया है इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया किया गया है जिन की शादी में ब्वॉयफ्रेंड के साथ पहुंची ईस्टेट क्राईम यूनिट 5 की टीम ने पिंटू निषाद पुणे त्रिवेणी उर्फ महेश निषाद मुंबई खार के रहने वाले आरोपी को ठाणे के वसंत विहार एक बंद घर में चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया पूछताछ के दौरान आरोपियों ने दर्जनों चोरी की वारदातों को अंजाम देने के मामलों का खुलासा किया इन्हीं खुलासों में पुलिस को अभिनेत्री भाग्यश्री के घर में हुई चोरी के मामले को भी सुलझाने का दावा किया 24 जनवरी 2014 को भाग्यश्री के घर में काम करने वाले नौकर ने भाग्यश्री के सास.ससुर को उनके ही घर जहर दे कर लाखों रुपये नगद और गहने लेकर फरार हो गए थे इस मामले में उनकी जान बच गयी थी लेकिन 26 लाख का नुकसान हुआ था फिर जुहू पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था लेकिन अन्य 2 आरोपी तब से फरार थे क्राईम ब्रांच ने ठाणे के वसंत विहार से दो चोरों को गिरफ्तार किया है उन्होंने पूछताछ में 2014 में हुई इस चोरी की वारदात को भी कबूल किया है इन आरोपियों के पास से चोरी की वारदात में इस्तेमाल करने वाले हथियार एस्करू ड्रायवर एकटर एमिर्ची और बेहोशी के पाउडर के साथ गहने और नगदी भी बरामद की है

बिग बॉस 11 के विवादित कंटेस्टेंट जुबैर खान को मुंबई क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार,

जुबैर खान ने बिग बॉस 11 के घर में एक कॉमनर के तौर पर एंट्री ली थी इसके साथ ही उन्होंने दाऊद इब्राहिम का दामाद होने के भी दावा किया था रिएलिटी शो बिग बॉस 11 के सबसे विवादित कंटेस्टेंट जुबैर खान को मुंबई क्राइम ब्रांच एंटी एक्सटोर्शन सेल ने गिरफ्तार किया है जुबैर खान पर अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का नाम लेकर मुंबई की एक बिजनेस वुमैन से 1 करोड़ रुपये मांगने का आरोप है मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले में पांचवी गिरफ्तारी की है पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि उन्होंने जुबैर खान को इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए लोगों से संबंध रखने पर गिरफ्तार किया गया है साथ ही बताया गया है कि बिजनेसमैन को पाकिस्तान और दुबई के जिन फोन नंबरों से धमकी मिली है उनका रिकॉर्ड जुबैर खान की कॉल हिस्ट्री में भी मिला है जुबैर खान को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था जहां पुलिस को उन्हें सोमवार तक हिरासत में रखने की इजाजत मिली है खार पुलिस ने साल 2017 के नवंबर महीने में बिजनेस वुमैन की शिकायत पर एक एफआईआर दर्ज की थी इस एफआईआर में बिजनेस वुमैन ने पाकिस्तान के किसी शख्स पर दाऊद के करीबी छोटा शकील के नाम पर एक करोड़ रुपये मांगने का आरोप लगाया था इसके साथ ही महिला ने कहा था कि यह रकम नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है शबनम शेख नाम की इस बिजनेस वुमैन ने पुलिस को बताया था कि जुबैर खान के खिलाफ शिकायत करने पर उसे पाकिस्तान के नंबरों से फोन आए हैं बता दें कि जुबैर खान ने बिग बॉस 11 के घर में एक कॉमनर के तौर पर एंट्री ली थी इसके साथ ही उन्होंने दाऊद इब्राहिम के दामाद होने का भी दावा किया था लेकिन सीजन 11 के पहले हफ्ते में ही जुबैर की घर से छुट्टी हो गई थी जिसके बाद जुबैर ने सलमान खान पर उन्हें घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया था इसके साथ ही उन्होंने सलमान खान को बुरा हाल करने की धमकी भी दी थी।